राजस्थान सरकार

स्वायत्त शासन विभाग राज. जयपुर

जी-3 राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन फाटक के पास सी-स्कीम जयपुर 302005
दूरभाष सं0 0141-2222403, वैबसाईट www.cmar-india.org] ई-मेल dlbrajasthan@gmail.com

क्रमांक : प.1(क)(26)कार्मिक / आरएमएस / डीएलबी / 25 / 11572 दिनांक : 29/08/25

## आदेश

विभागीय आदेश दिनांक 16.07.25 के द्वारा कुल 106 अधिशासी अधिकारी–चतुर्थ एवं राजस्व अधिकारी–द्वितीय को नियुक्ति प्रदान की गई है। इसी निरन्तरता में विभाग के एक अन्य आदेश दिनांक 14.08.2025 से 4 और अधिकारियों को नियुक्ति प्रदान की गई है।

इसी क्रम में आदेश दिनांक 11.08.2025 के द्वारा इन अधिकारियों को दिनांक 11.08.25 से 31.08.25 तक की अवधि के लिए राज्य के विभिन्न निकायों में अस्थाई रूप से वर्तमान अधिकारियों के साथ ATTACH किया गया है जहां ये निकायों के दैनिक कार्य प्रणाली, नीतियों एवं प्रक्रियाओं का व्यवहारिक ज्ञान अर्जित कर रहे हैं।

दिनांक 31.08.2025 के पश्चात विभाग द्वारा इन सभी 110 नवनियुक्त अधिकारियों को 45 दिवस का औपचारिक प्रशिक्षण दिनांक 01.09.2025 से 15.10.2025 तक MNIT में दिया जायेगा। इस अवधि में विभाग द्वारा इन अधिकारियों के आवास, मय भोजन की व्यवस्था IGPRS इन्दिरा गांधी पंचायती राज संस्थान जयपुर में की गई है। आवासीय भवन से प्रशिक्षण केन्द्र तक इनके आवागमन की व्यवस्था JCTSL द्वारा की जायेगी।

अतः उपरोक्त वर्णित सभी 110 नवनियुक्त अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे प्रशिक्षण के लिए आगामी दिनांक 01.09.2025 से दिनांक 15.10.2025 तक उपरोक्तानुसार की गई व्यवस्था के अनुरूप आवश्यक रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

(जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर)
निदेशक

क्रमांक : प.1(क)(26)कार्मिक / आरएमएस / डीएलबी / 25 / 11573-12255 दिनांक : 29/08/25

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निजी सचिव, शासन सचिव महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान।
2. वरिष्ठ निजी सचिव, निदेशक, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान।
3. निजी सहायक, कार्यकारी निदेशक, रूडसिको, जयपुर।
4. निजी सहायक, प्रबन्ध निदेशक, JCTSL को उनके पत्र दिनांक 06.08.25 के क्रम में उपरोक्तानुसार वाहन उपलब्ध कराये जाने हेतु अग्रेषित है।
5. निजी सहायक, अतिरिक्त निदेशक स्वायत्त शासन विभाग, राज.।
6. अतिरिक्त निदेशक, इन्दिरा गांधी पंचायती राज संस्थान, जयपुर को उनके पत्रांक 2234 दिनांक 22.08.25 के क्रम में प्रेषित है।
7. डा. नन्द कुमार, टीम लीडर, 'अमृत सेंटर' MNIT को उपरोक्तानुसार प्रबन्ध व्यवस्था किये जाने हेतु अग्रेषित है।
8. समस्त क्षेत्रीय उप निदेशक, स्थानीय निकाय विभाग, राजस्थान।
9. समस्त आयुक्त / अधिशासी अधिकारी, नगर निगम / परिषद एवं पालिकाऐं राजस्थान।
10. सीएमएआर, निदेशालय।
11. संयुक्त निदेशक(सिस्टम एनालिस्ट)आई टी अनुभाग, निदेशालय को विभागीय वैबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु।
12. समस्त अधिकारीगण, निदेशालय।
13. सुरक्षित पत्रावली।

निदेशक

Scanned with OKEN Scanner